दिनांकः 02.09.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–देश में विकसित हो रहे मज़बूत सेमीकंडक्टर ईको–सिस्टम से भारत वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनेगा।**

- **केन्द्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी जोधपुर प्रवास पर–कहा युवाओं में कौशल विकास और तकनीकी ज्ञान बढ़ाने की ज़रूरत।**

- **प्रदेशभर में गांव चलो अभियान 18 सितम्बर से–ग्रामीणों तक सरकारी सेवाओं की आसान पहुंच सुनिश्चित की जाएगी।**

- **राज्य में मॉनसून की सक्रियता से जलस्त्रोतों में पानी की अच्छी आवक–693 में से 384 बांध लबालब।**

.................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत एक मज़बूत सेमीकंडक्टर ईको–सिस्टम बना रहा है, जो देश को आत्मनिर्भर और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगा। श्री मोदी आज नई दिल्ली के यशोभूमि में **सेमीकॉन इंडिया 2025** के उद्‌घाटन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत निर्मित सबसे छोटी चिप दुनिया में बड़ा बदलाव लाएगी। श्री मोदी ने कहा कि वैश्विक सेमीकंडक्टर बाज़ार पहले ही छह सौ अरब डॉलर तक पहुँच चुका है और आने वाले वर्षों में इसके एक ट्रिलियन डॉलर को पार करने की उम्मीद है। उन्होंने भरोसा जताया कि भारत इस बाज़ार में महत्वपूर्ण हिस्सेदार बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत डिज़ाइनिंग निर्माण, पैकेजिंग और उच्च तकनीक वाले उपकरण तैयार कर रहा है।

...............

केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश में पांच सेमीकंडक्टर इकाइयों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि ऐसी दो और विनिर्माण इकाइयाँ कुछ महीनों में उत्पादन शुरू कर देंगी। इस अवसर पर श्री वैष्णव ने प्रधानमंत्री को पहली **मेड इन इंडिया चिप** भी भेंट की। आज से शुरू हुआ तीन दिन का ये सम्मेलन देश में मज़बूत और टिकाऊ सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने पर केंद्रित है। इसमें स्मार्ट विनिर्माण, अनुसंधान और विकास तथा एआई में नवाचार, निवेश के अवसर सहित कई विषयों पर सत्र होंगे।

प्रधानमंत्री कल सीईओ गोलमेज सम्मेलन में भी शामिल होंगे।

.................

केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्यमंत्री जयंत चौधरी आज जोधपुर प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने कई कार्यक्रमों शिरकत की। श्री चौधरी ने लूणावास भाखड़ गांव में तेजाजी मेले में शिरकत की। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए श्री उन्होंने कहा कि बदलते समय में युवाओ के लिए तकनीकी ज्ञान सबसे बड़ी जरूरत है। शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री हासिल करना नहीं बल्कि रोजगारपरक कौशल अर्जित होना चाहिए। उन्होंने युवाओं से कौशल विकास और एआई तकनीक से जुड़ने का आग्रह किया।

.............

केन्द्रीय मंत्री इसके बाद खेजड़ली शहीद मेले में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जीव दया यहां के लोगों की मूल पहचान है। इस मौके पर केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत भी मौजूद रहे। उन्होंने अमृता देवी को नमन करते हुए कहा कि जीव दया का संदेश नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सब की जिम्मेदारी है।

.................

जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक कल से नई दिल्ली में शुरू होगी। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में होने वाली दो दिन की इस बैठक में मंत्री समूह की ओर से जीएसटी के दो स्लैब बरकरार रखने के प्रस्ताव पर फैसला होगा। और ब्यौरा दे रहे हैं हमारे सहयोगी सुदर्शन नाहर।

................

राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने आज राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े से मुलाकात की। राजभवन में हुई भेंट में श्री चतुर्वेदी ने राज्यपाल को आयोग की 2025–26 की अंतरिम रिपोर्ट पेश की।

.................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज राजस्व और उपनिवेशन विभाग की समीक्षा बैठक ली। श्री शर्मा ने कहा कि राजस्व विभाग तकनीक के माध्यम से काश्तकारों को सुविधाएं उपलब्ध करवाने में नवाचार कर रहा है। इसी कड़ी में एग्री स्टैक मोबाइल एप विकसित किया गया है। इसके जरिए किसान स्वयं फसल गिरदावरी कर रहे हैं। बैठक में ये भी जानकारी दी गई कि फार्मर रजिस्ट्री योजना के माध्यम से सभी जिलों में किसानों के आधार नम्बर को राजस्व रिकॉर्ड के साथ जोड़ने का काम शुरू कर दिया गया है। अब तक 87 प्रतिशत किसानों की फार्मर आईडी बनाई जा चुकी है। राज्य के 48 हजार 463 गांवों का भू नक्शा पोर्टल पर अपलोड कर करीब साढे चार करोड़ यूनिक लैंड पार्सल आइडेंटिफिकेशन नम्बर जारी किये जा चुके हैं।

वहीं राज्य सरकार की ओर से 18 सितम्बर से प्रदेशभर में **गांव चलो अभियान** संचालित किया जाएगा। ये सप्ताह में तीन दिन चलेगा। इससे ग्रामीणों तक सरकारी सेवाओं की पहुंच सुलभ की जाएगी।

.................

राज्य के उत्तरी–पश्चिमी हिस्से के ऊपर परिसंचरण तंत्र बना हुआ है। इसके असर से पूर्वी राजस्थान के अधिकतर भागों में अगले पांच छह दिनों तक मध्यम से तेज और कहीं–कहीं बारिश हो सकती है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जोधपुर और बीकानेर संभाग में अगले दो दिन भारी बरसात की गतिविधियों में कमी के आसार हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि बीते

24 घंटों में जयपुर, अजमेर, उदयपुर, कोटा, भरतपुर और जोधपुर संभाग तथा शेखावाटी अंचल में कहीं–कहीं भारी बारिश का दौर चला।

सबसे ज्यादा करीब 18 सेंटीमीटर बारिश कल दौसा में रिकॉर्ड हुई। जल संसाधन विभाग की ओर से जारी आंकड़ो के अनुसार झालावाड़, जयपुर, करौली, भीलवाड़ा, नागौर और हनुमानगढ़ में तेज पानी बरसा। इसके अलावा राज्य के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में अधिकतर स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई। इस बार मॉनसून की सक्रियता से जल स्त्रोतों में पानी की आवक लगातार बनी हुई है। छोटे–बड़े 693 बांधों में से 384 लबालब हैं। वहीं 193 आंशिक रूप से भर गये हैं। नदी, नालों और बांधों का बढ़ते जल स्तर और खतरे की आशंका के मद्देनजर प्रशासन की ओर से लोगों से तेज बहाव वाले क्षेत्रों से दूरी बनाए रखने की अपील की जा रही है।

...............

रामदेव जयंती आज प्रदेशभर में श्रद्धापूर्वक मनाई जा रही है। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर मेले भरे हैं। जैसलमेर के रामदेवरा में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। पदयात्रियों के जत्थे सतरंगी ध्वजा लिये बाबा के दर्शन के लिए उमड़ रहे हैं। चूरू के प्राचीन रामदेव मंदिर में आकर्षक सजावट की गई है। श्रीगंगानगर के रामदेव मंदिरों में भी बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। यहां श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया।

वहीं तेजादशमी को भी उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा के नान्ता में तेजाजी महोत्सव में भाग लिया।

नागौर से हमारे संवाददाता ने बताया कि तेजाजी की जन्मस्थली खरनाल में भर रहे मेले में लाखों की संख्या में भक्त शामिल हो अपनी आस्था प्रकट कर रहे हैं।

..................

तेजा दशमी के अवसर पर पाली में भक्ति संध्या का आयोजन किया जा रहा है। बारां के डोल मेला मैदान में लगे तेजाजी मेले में श्रद्धालुओं की भारी आवक रही। ब्यावर में तेजाजी मेले में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं हुईं। कबड्डी, कुश्ती, वॉलीबॉल सहित अन्य रोमांचक मुकाबलों में युवाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

जलझूलनी एकादशी कल है। इस अवसर कई जगह धार्मिक अनुष्ठान और मेलों का आयोजन किया जा रहा है। चित्तौड़गढ़ से हमारे संवाददाता ने बताया कि सांवलिया सेठ मंदिर में आज तीन दिन के मेले की शुरूआत हुई।

.................